# प्रादेशिक समाचार एकांश
## आकाशवाणी, भोपाल
## प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री ने खाड़ी क्षेत्र में शांति व सुरक्षित समुद्री आवागमन सुनिश्चित करने पर जोर दिया।
- मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज भोपाल में 'आनंद के आयाम' राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ करेंगे।
- विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने युवाओं से भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहने का आह्वान किया।
- प्रदेश में मौसम ने ली करवट; 33 जिलों में बारिश और ओलावृष्टि का अलर्ट जारी।

### प्रधानमंत्री – कतर अमीर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी के साथ टेलीफोन पर बात कर ईद की शुभकामनाएं दीं। श्री मोदी ने कहा कि भारत कतर के साथ एकजुटता से खड़ा है और क्षेत्र के ऊर्जा ढांचे पर हमले की निंदा करता है। सोशल मीडिया पोस्ट में, प्रधानमंत्री ने कतर में भारतीय समुदाय की देखभाल और समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया और क्षेत्र में शांति तथा स्थिरता की कामना की। दोनों नेताओं ने होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित और निर्बाध नौवहन पर ज़ोर दिया।

### प्रधानमंत्री – इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल नई दिल्ली में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के न्यासियों से मुलाकात की और देश की विविधतापूर्ण संस्कृति को और अधिक लोकप्रिय बनाने पर चर्चा की। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि इस यात्रा में से और अधिक लोगों को जोड़ने, डिजिटल और जमीनी पहलों के माध्यम से लोगों तक पहुंच बढ़ाने और देश की समृद्ध विरासत के संरक्षण तथा संवर्धन में कलाकारों और विद्वानों को सहायता प्रदान करने के तरीकों पर चर्चा हुई।

### आनंद के आयाम–राष्ट्रीय संगोष्ठी–मुख्यमंत्री

अंतरराष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज भोपाल में 'आनंद के आयाम–राष्ट्रीय संगोष्ठी' का शुभारंभ करेंगे। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में देशभर के शिक्षाविद और समाजशास्त्री प्रसन्नता के विविध पहलुओं पर गहन विचार–विमर्श करेंगे। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश देश का एकमात्र राज्य है जहाँ नागरिकों के आंतरिक कल्याण और मूल्य–आधारित जीवन को बढ़ावा देने के लिए पृथक 'आनंद विभाग' कार्यरत है।

### सिंहस्थ–मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल उज्जैन में आयोजित 'सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर्स' की कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि सिंहस्थ–2028 आस्था, आध्यात्म और प्रकृति का अद्भुत समागम होगा।

### बाइट – मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

उन्होंने बताया कि क्षिप्रा नदी के शुद्ध जल से शाही स्नान सुनिश्चित करने के लिए 'सिलारखेड़ी–सेवरखेड़ी' परियोजना पर कार्य जारी है। कार्यशाला में कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने मेला क्षेत्र के विकास, AI टेक्नोलॉजी द्वारा भीड़ प्रबंधन और 6–लेन कनेक्टिविटी जैसे बुनियादी ढांचा कार्यों की जानकारी साझा की।

**मुख्यमंत्री–उज्जैन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल उज्जैन में 18 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित आधुनिक चौपाटी 'नैवेद्य लोक' का लोकार्पण किया। इंदौर की '56 दुकान' की तर्ज पर विकसित इस परिसर में 34 स्टॉल लगाए गए हैं, जहाँ पारंपरिक व्यंजनों के साथ–साथ श्री–अन्न यानी मिलेट्स से बने पौष्टिक खाद्य पदार्थ उपलब्ध होंगे। मुख्यमंत्री ने यहाँ के प्रसिद्ध 'कचरू भैया की कचौड़ी' का स्वाद भी लिया और इसे पर्यटन की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण सौगात बताया। उन्होंने ने कल उज्जैन में 8.30 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित अंतरराष्ट्रीय स्तर के तरणताल यानि स्विमिंग पूल का लोकार्पण भी किया।

**पीएनजी / सीएनजी**

सरकार ने कहा है कि देश में घरेलू पीएनजी और परिवहन के लिए सीएनजी की शत–प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। पश्चिम एशिया घटनाक्रमों पर नई दिल्ली में अंतर मंत्रालयी प्रेस वार्ता में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि दो सप्ताह के भीतर लगभग एक लाख 25 हजार घरेलू और वाणिज्यिक पीएनजी कनेक्शन जारी किए गए हैं।

**'भूमि सुपोषण अभियान'–केंद्रीय कृषि मंत्री**

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल महाराष्ट्र के जलगाँव में 'भूमि सुपोषण अभियान' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने किसानों से धरती की उर्वरता बनाए रखने के लिए संतुलित खेती अपनाने और मृदा स्वास्थ्य के संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया।

**बाइट – केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान**

श्री चौहान ने घोषणा की कि जलगाँव के 'केला क्लस्टर' में बायो–कंट्रोल, प्री–कूलिंग यूनिट और आधुनिक मशीनीकरण जैसी विश्वस्तरीय सुविधाएँ प्रदान की जाएंगी। उन्होंने निजी क्षेत्र को कोल्ड स्टोरेज निर्माण के लिए एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड के तहत भारी सब्सिडी देने का आश्वासन भी दिया, ताकि किसानों के उत्पादों का उचित भंडारण सुनिश्चित हो सके।

**विकसित भारत युवा संसद–विधानसभा अध्यक्ष**

विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कल भोपाल में दो दिवसीय 'राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद 2026' का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य युवाओं को न केवल विज्ञान और अधोसंरचना, बल्कि विश्व नेतृत्व की क्षमता में भी दक्ष बनाना है। श्री तोमर ने युवाओं से आह्वान किया कि वे भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए स्वयं को तैयार करें।

**दिवंगत जवान–बीमा राशि**

मध्यप्रदेश पुलिस के दिवंगत जवानों के परिवारों को कल 'पुलिस सैलरी पैकेज योजना' के अंतर्गत एक–एक करोड़ रुपये की बीमा सहायता राशि प्रदान की गई। बड़वानी में दिवंगत आरक्षक जयेश वर्मा और मुरैना में पदस्थ स्व. आरक्षक प्रद्युम्न दीक्षित एवं अनिल कौरव के परिजनों को भारतीय स्टेट बैंक के सहयोग से यह राशि सौंपी गई। पुलिस मुख्यालय के अनुसार, इस योजना का उद्देश्य कठिन परिस्थितियों में पुलिस परिवारों को आर्थिक सुरक्षा कवच प्रदान करना है। इसके तहत जवानों को आकस्मिक मृत्यु बीमा के साथ–साथ आवास ऋण पर विशेष रियायतें भी दी जा रही हैं।

**मौसम**

प्रदेश में मौसम ने अचानक करवट ली है, जिससे प्रदेश के 33 जिलों में बारिश और ओलावृष्टि का येलो अलर्ट जारी किया गया है। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से खरगोन, बैतूल और अनूपपुर सहित कई हिस्सों में तेज हवाओं के साथ वर्षा हुई है। खरगोन जिले में आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला की दुखद मृत्यु

का समाचार मिला है, वहीं मुलताई में ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान की आशंका जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार, भोपाल, इंदौर और ग्वालियर सहित प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में अगले तीन दिनों तक गरज–चमक का दौर जारी रहेगा। नागरिकों से खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की गई है।

## भारत – विश्व इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप

भारत 2028 के विश्व इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। यह चैंपियनशिप ओडिशा के भुवनेश्वर स्थित कलिंगा स्टेडियम परिसर में आयोजित होगी। यह पहला मौका है जब भारत को इस प्रतियोगिता की मेज़बानी मिली है। इस वर्ष की विश्व इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप आज से पोलैंड के तोरुन में शुरू हो रही है। इसमें 26 स्पर्धाएं होंगी।

## आदिवासी होमस्टे कार्यशाला

जनजातीय कार्य मंत्रालय ने कल नई दिल्ली में जनजातीय होमस्टे मालिकों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया। यह आयोजन भारतीय पर्यटन विकास निगम के सहयोग से किया गया। कार्यशाला में गुजरात, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम के जनजातीय होमस्टे मालिक शामिल हुए। कार्यशाला में सामुदायिक नेतृत्व वाले पर्यटन को बढ़ावा देने की सरकार की प्रतिबद्धता पर बल दिया गया। इनमें प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान, अनुसूचित जनजाति विकास कार्य योजना और आदि कर्मयोगी अभियान शामिल हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य सामुदायिक पर्यटन के माध्यम से आदिवासी आजीविका को बढ़ाना है।

## अब कुछ समाचार संक्षेप में :–

- धार पीजी कॉलेज के सभागृह में रेडक्रास सोसाइटी द्वारा जिले की 91 महिलाओं का सम्मान समारोह और स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।
- खंडवा में आज जनजातीय नृत्य, संगीत एवं शिल्प कलाओं पर केंद्रित 3 दिवसीय आदिरंग महोत्सव का शुभारंभ होगा। मुख्य अतिथि प्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह होंगे।
- जबलपुर में पहली बार तीन दिवसीय मध्य प्रदेश ध्यान महायज्ञ का विशाल आयोजन आज से मानस भवन में होने जा रहा है।
- मंदसौर पुलिस ने अवैध नशे के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ट्रक में मक्का के बोरों के नीचे छिपाकर ले जाई जा रही 70 लाख रुपये की अवैध शराब जब्त की।
- कटनी में नागरिकों को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराने के लिये 31 पेयजल स्रोतों की सफाई के साथ ही 907 स्थानों पर लीकेज मरम्मत का कार्य किया गया।

———————————